राधा नाम सांवरे से हमको मिला दे

बहना बोलो ग्यारस के दिन राधे राधे,
राधा नाम सांवरे से हमको मिला दे.....

झूठ कपट व्यवहार से किया सवेरा शाम,
एक बार भी प्रेम से लिया ना हरि का नाम,
राधे अब भक्ति करेंगे करवा दे,
राधा नाम सांवरे से हमको मिला दे.....

धन दौलत से एक दिन खाली होगा हाथ,
अंत समय भगवान का भजन चलेगा साथ,
राधे इससे बढ़कर के क्या है समझा दे,
राधा नाम सांवरे से हमको मिला दो.....

जो करना है जल्दी कर क्यों बैठा है मौन,
पल भर में यह प्रलय है कल की जाने कौन,
बहना ब्रथा क्यों जग में जीवन बिताए,
राधा नाम सांवरे से हमको मिला दे.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25504/title/radha-naam-sanwre-se-humko-mila-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |